रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाडी): 1994-95 में मऊ-शाहगंज के आमान परिवर्तन पर कोई राशि खर्च नहीं की गई थी। 1995-96 के दौरान 4 करोड़ रुपए की राशि खर्च किए जाने का प्रस्ताव है। मिट्टी और पुल संबंधी कार्य शुरू कर दिया गया है। कार्य के दिसम्बर, 1997 तक पूरा हो जाने की संभावना है। परियोजना की अनुमानित लागत 43.83 करोड़ रुपये है।

Ceiling on Agricultural Holdings

1047. SHRI V. HANUMANTHA RAO:
SHRI SANJAY DALMIA:

Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether some State Governments have proposed to raise the ceiling on agricultural holdings; and

(b) if so, the details thereof and what is Union Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI UTTAMBHAI H. PATEL): (a) Yes, Sir.

(b) The State Government of Maharashtra and West Bengal have submitted Draft Ordinances to relax/ withdrawn ceiling on agricultural land for consideration of the Government of India. The Maharashtra Agricultural Lands (Ceilling on Holdings) (Amendment) Ordinance, 1993 proposes enabling certain categories of individuals, firms, companies etc. to hold land on lease beyond the prescribed ceiling limit. The West Bengal Land Reforms (Amendment) Ordinance, 1994 proposes to abolish ceiling for acquiring and holding land by any individual, firm, company etc. for the purposes of industrial activity and township development. The Government of India have not so far accorded approval to the aforesaid Amendment proposals.

अहमदाबाद को "मेगा सिटी" घोषित किया जाना

1048. **श्री राजूभाई ए० परमार:** क्या शहरी **कार्य और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात सरकार ने प्रधान मंत्री को एक पत्र भेज कर अहमदाबाद को "मेगा सिटी" घोषित करने का अनुरोध किया था;

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या योजना आयोग और सरकार ने 1991 की जनगणना के आधार पर मुम्बई, कलकत्ता, मद्रास, बंगलौर, हैदराबाद और दिल्ली को "मेगा सिटी" घोषित किया है;

(घ) क्या अहमदाबाद की जनसंख्या हैदराबाद और बंगलौर की जनसंख्या से अधिक है; और

(ङ) सरकार ने अहमदाबाद को कब तक "मेगा सिटी" घोषित करने का निर्णय लिया है?

शहरी विकास और रोजगार मंत्रालय में शहरी विकास विभाग के राज्य मंत्री (श्री आर० के० धवन): (क) जी, हां।

(ख) से (घ) 2 महानगरों में अवस्थापना विकास की केन्द्र प्रवर्तित स्कीम के तहत महानगरों के चयन बाबत मूल मानक 1991 की जनगणना के अनुसार 4 मिलियन आबादी का वर्ग है। 1991 की जनगणना के अनुसार चुनींदा शहरी बस्तियों, महानगरों और अहमदाबाद शहर की आबादी नीचे दी गई है:

(आंकड़े मिलियन में)

1. ग्रेटर बम्बई (शहरी बस्ती)	12.57
2. कलकत्ता (शहरी बस्ती)	10.91
3. मद्रास (शहरी बस्ती)	5.36
4. हैदराबाद (शहरी बस्ती)	4.28
5. बंगलौर (शहरी बस्ती)	4.09
6. अहमदाबाद (शहरी बस्ती)	3.31

(ङ) चूंकि अहमदाबाद नगर 1991 की जनगणना के अनुसार 4 मिलियन आबादी का मानक पूरा नहीं करता, अतः इस समय इस स्कीम को अहमदाबाद पर लागू करना व्यवहारिक नहीं है।